আমার প্রিয় সহকর্মী এবং স্টেকহোল্ডার,

আজ আমরা, ভারতের নাগরিকরা আমাদের রাষ্ট্রের ৭৯তম স্বাধীনতা দিবস উদযাপন করছি, এই উপলক্ষে আমি ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেডের সাথে যুক্ত সকলকে আমার শুভেচ্ছা জানাই। এই দিনটি আমাদের জন্য অত্যন্ত গৌরব ও স্মরণীয় একটি উপলক্ষ। এমন একদিন, যেদিন আমরা স্বাধীনতা সংগ্রামের বীর শহীদদের আত্মত্যাগের প্রতি শ্রদ্ধা জানাই এবং একইসঙ্গে দায়িত্ববোধ, একতা এবং রাষ্ট্র গঠনের মূল্যবোধের প্রতি আমাদের অঙ্গীকারের কথা পুনরায় ব্যক্ত করি।

দেশের জ্বালানি চাহিদা পূরণে সর্বদা অগ্রণী ভূমিকা ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেড (ইসিএল) পালন করে। দেশের জ্বালানি ক্ষেত্রে বলিষ্ঠ অংশগ্রহণ করতে পেরে আমরা গর্বিত। আমাদের কার্যক্রম, বিশেষ করে পূর্ব ভারতে, যা পশ্চিমবঙ্গ ও ঝাড়খণ্ড জুড়ে বিস্তৃত, ভারতীয় কয়লা মজুদের কেন্দ্রবিন্দুতে রয়েছে। আমরা কেবল শিল্প ও গৃহস্থালিতে শক্তি সরবরাহ করি না, লক্ষ লক্ষ পরিবারের জীবিকার সুযোগও তৈরি করি, সামাজিক পরিবর্তনকে সক্ষম করি।

আমাদের যাত্রা বাজার সংস্কার, নিয়ন্ত্রক পরিবর্তন, বিশ্বব্যাপী অস্থিরতা, দ্রুত প্রযুক্তিগত পরিবর্তন এবং সর্বোপরি অর্থনৈতিক প্রবৃদ্ধি, সামাজিক সমতা এবং পরিবেশ সুরক্ষার মধ্যে ভারসাম্য রক্ষার অগ্রাধিকারের পরিবর্তনে আমাদের যাত্রা অনেক চ্যালেঞ্জে পরিপূর্ণ। এত কিছুর পরেও, আমাদের অব্যাহত সাফল্য প্রশাসনে স্বচ্ছতা এবং সততার মূল মূল্যবোধগুলির প্রতি আমাদের অবিচল প্রতিশ্রুতির, যেমন, অপারেশন, উদ্ভাবন, খনি নিরাপত্তা, পরিবেশ সুরক্ষা, সম্প্রদায়ের অংশগ্রহণে স্বচ্ছতা এবং সততা সুশাসন।

এই স্বাধীনতা দিবসে, আমরা খনি শ্রমিক, প্রকৌশলী, কর্মচারী এবং শ্রমিক নেতাদের অভিনন্দন জানাই যারা এই সংস্থাকে সাফল্যমণ্ডিত করে তুলেছে। এই দিনটি আমাদের জন্য বিশেষ তাৎপর্যপূর্ণ কারণ আমরা এমন একটি বছরকে স্মরণ করছি যা সাফল্য, অদম্য দৃঢ়সংকল্প এবং সম্মিলিত উৎকর্ষের চেতনায় পরিপূর্ণ।

২০২৪-২৫ অর্থবছরে, ইসিএল ৫২.০৩৫ মিলিয়ন টনের মাইলফলক অতিক্রম করেছে, যা তার ইতিহাসে সর্বোচ্চ কয়লা উৎপাদন রেকর্ড করেছে, যা আগের বছরের তুলনায় ৯.৪১% উল্লেখযোগ্য বৃদ্ধি পেয়েছে। এই অর্জন কেবল একটি পরিসংখ্যা নয়, এটি আমাদের পরিকল্পনার যথার্থতা, ধারাবাহিক কর্মক্ষমতা এবং সমস্ত ইউনিটের অক্লান্ত পরিশ্রমের সাক্ষ্য। ইসিএল কোল ইন্ডিয়া লিমিটেডের সমস্ত সহযোগী সংস্থাকে পেছনে ফেলে জ্বালানি নিরাপত্তার পথে এক নতুন মাপকাঠি স্থাপন করেছে।

কোম্পানির ইতিহাসে সর্বোচ্চ ওভারবার্ডেন (OB) অপসারণ অর্জন ১৮৭.১৬৭ মিলিয়ন ঘনমিটারে রেকর্ড করা হয়েছে, যার ফলে ভবিষ্যতের খনির কার্যক্রমের ভিত্তি শক্তিশালী হয়েছে , দক্ষতা ব্যবহার বৃদ্ধি এবং খনিগুলির বেঁচে থাকার সূচকগুলি উন্নত হয়েছে ।

আমাদের কয়লা সরবরাহও (অফ-টেক) নতুন উচ্চতায় পৌঁছেছে, যা গত বছরের তুলনায় ১৩.৭৬% উল্লেখযোগ্য বৃদ্ধি পেয়েছে এবং এটিও কোল ইন্ডিয়া লিমিটেডের অন্যান্য সমস্ত সহায়ক সংস্থাগুলিকেও ছাড়িয়ে গেছে। এই সাফল্য উন্নত নির্গমন ব্যবস্থা, রেলওয়ে এবং শেষ ব্যবহারকারীদের সাথে আরও ভাল সমন্বয়ের প্রতিফলন ।

এই বছর বেশ কিছু দীর্ঘস্থায়ী জমি অধিগ্রহণ সম্পর্কিত কয়েকটি সমস্যা সমাধান করা হয়েছে, যার ফলে খনি ও অবকাঠামো সম্প্রসারণের জন্য গুরুত্বপূর্ণ জমির প্রাপ্যতা নিশ্চিত করে । এর ফলে নতুন খনির ক্ষেত্রগুলির বিকাশ এবং আমাদের কৌশলগত অবস্থানগুলিতে দক্ষতা বৃদ্ধি করতে সক্ষম করেছে। খনিগুলির পরিকল্পিত পরিকল্পনা এবং সময়াবদ্ধ প্রকল্প অনুমোদন দীর্ঘমেয়াদী সম্প্রসারণের ভিত্তি স্থাপন করেছে।

আবাসিক এবং ভৌত উন্নয়নের ক্ষেত্রেও উল্লেখযোগ্য উন্নতি লক্ষ্য করা গেছে । নতুন কোয়ার্টার ও রাস্তা নির্মাণ, জরাজীর্ণ কাঠামো মেরামত এবং বড় প্রকল্পগুলির সময়মতো সম্পন্ন করার ফলে আমাদের কর্মী এবং তাদের পরিবারের জীবনযাত্রার মানের ক্ষেত্রে একটি বড় পরিবর্তন হয়েছে। কর্মক্ষম এলাকায় প্রয়োজনীয় যন্ত্রপাতি, বৈদ্যুতিক সিস্টেম এবং যান্ত্রিক অবকাঠামোরপ্রয়োজনীয় উন্নয়ন সময়মত আপগ্রেড করা হয়েছে, যার ফলে নিরবচ্ছিন্ন উৎপাদন থাকে ।

ক্রয় প্রক্রিয়ার ডিজিটাইজেশন, বিক্রেতাদের সাথে কার্যকর যোগাযোগ এবং দ্রুত দরপত্র সম্পাদনের ফলে সময়মতো পণ্য সরবরাহ নিশ্চিত হয় এবং উৎপাদনে ব্যাঘাত এড়ানো যায়। এই প্রক্রিয়াটি বিচালনাগত প্রয়োজনীয়তা অনুসারে সমন্বিত পদ্ধতিতে চলেছিল।

আর্থিক খাতে, আমার টানা তৃতীয় বছর মুনাফা বজায় রেখেছি। যার মূল কারণ উৎপাদনশীলতা বৃদ্ধি, বিচক্ষণ ব্যয় ব্যবস্থাপনা, ডিজিটাইজেশন এবং পরিচালনাগত উন্নতি। ২০২৪-২৫ আর্থিক বছরে সংস্থার মোট বিক্রয় টার্নওভার দাঁড়িয়েছে ₹২০,১৮৩.৫৪ কোটি, যা আগের বছরের ₹১৮,৯৯৯.৯৭ কোটি টাকার তুলনায় ৬.২৩% বৃদ্ধি পেয়েছে।

এই সময়ের মধ্যে ,সংস্থাটি ৩০১.২২ কোটি টাকার কর-পূর্ববর্তী মুনাফা (PBT) অর্জন করেছে যা আগের বছরের ২১৩.৪৯ কোটি টাকার তুলনায় অধিক। ৩১শে মার্চ ২০২৫ পর্যন্ত সংস্থার নেট মূল্য ছিল ₹৩,১০০.৪৭ কোটি ছিল ।

আর্থিক শৃঙ্খলা এবং সময়নিষ্ঠ সম্মতিতে অব্যাহত ফোকাস। বাজেট বরাদ্দের সর্বোত্তম ব্যবহার নিশ্চিত করা হয়েছিল, রাজস্ব প্রাপ্তি শক্তিশালী ছিল এবং আর্থিক স্বাস্থ্যকে শক্তিশালী করার জন্য পদ্ধতিগত নিয়ন্ত্রণ প্রয়োগ করা হয়েছিল। সময়মতো বকেয়া নিষ্পত্তি এবং অর্থপ্রদন নিস্পতি করা হয়েছিল, যা আমাদের মূল্য শৃঙ্খলে স্বচ্ছতা এবং বিশ্বাস আরও শক্তি পেয়েছি ।

কল্যাণ ও মানব উন্নয়ন আমাদের কার্যক্রমের কেন্দ্রবিন্দুতে রয়েছে। কর্মীদের সন্তুষ্টি বাড়াতে ন্যায্য পদোন্নতি, প্রশিক্ষণের সুযোগ, কল্যাণমূলক উদ্যোগ এবং ডিজিটাল এইচআর হস্তক্ষেপের প্রতি বিশেষ মনোযোগ দেওয়া হয়েছিল। সুরক্ষা, উৎপাদনশীলতা এবং নেতৃত্বের উপর নতুন করে জোর দিয়ে বেশ কয়েকটি প্রশিক্ষণ মডিউল চালু করা হয়েছে ।

আরও দক্ষ, আত্মবিশ্বাসী ও ভবিষ্যতের জন্য প্রস্তুত জনশক্তি তৈরি করতেই এসব উদ্যোগ নেওয়া হয়েছে।

কল্যাণ ও মানবোন্নয়ন আমাদের অগ্রাধিকারের শীর্ষে রয়েছে। স্বচ্ছ পদোন্নতি, প্রশিক্ষণের সুযোগ, কল্যাণমূলক উদ্যোগ এবং ডিজিটাল এইচআর হস্তক্ষেপের মাধ্যমে কর্মীদের সন্তুষ্টির দিকে বিশেষ মনোযোগ দেওয়া হয়েছিল। খনি নিরাপত্তা, উৎপাদনশীলতা এবং নেতৃত্বের উপর দৃষ্টি নিবদ্ধ করা প্রশিক্ষণ প্রোগ্রামগুলি আমাদের কর্মীদের আরও দক্ষ, আত্মবিশ্বাসী এবং ভবিষ্যতের জন্য প্রস্তুত করে তুলেছে।

আমরা আমাদের কমান্ড অঞ্চলগুলিতে স্বাস্থ্যসেবা সুবিধার উন্নতির জন্য দৃঢ় পদক্ষেপ নিয়েছি। বিশেষজ্ঞ চিকিৎসক নিয়োগ, অত্যাধুনিক পরীক্ষার সুবিধা, হাসপাতালে নতুন যন্ত্রপাতি, স্বয়ংক্রিয় ল্যাব এবং উন্নত অ্যাম্বুলেন্স পরিষেবা হাজার হাজার সুবিধাভোগীকে সহায়তা করেছে। প্রতিরোধমূলক স্বাস্থ্য পরিচর্যার ওপরও জোর দেওয়া হয়েছে।

পরিবেশ ব্যবস্থাপনা আমাদের শীর্ষ অগ্রাধিকারগুলির মধ্যে একটি ছিল, যার অধীনে একটি ধূলিকণা নিয়ন্ত্রণ ব্যবস্থা এবং ক্রমাগত পরিবেশগত পর্যবেক্ষণ ব্যবস্থা কার্যকরভাবে বাস্তবায়িত হয়েছিল । ২০২৪-২৫ অর্থবর্ষে ৭৮.০৩ হেক্টর জমিতে গাছ লাগিয়ে প্রায় ১.২৭ লক্ষ চারা রোপণ সফলভাবে সম্পন্ন হয়েছে।

প্রধান খনিগুলিতে শূন্য তরল নিষ্কাশন নীতি (Zero Liquid Discharge) গ্রহণ, আধুনিক বৃষ্টির জল সংগ্রহ, ভূগর্ভস্থ জলের পুনর্ব্যবহার, জল পুনর্ব্যবহারযোগ্য ব্যবস্থা, সৌর বিদ্যুৎ প্রকল্প স্থাপন, শক্তি দক্ষতা পাইলট প্রকল্প, পরিত্যক্ত খনি স্থানগুলিকে ইকো-পার্ক, জলাধার এবং সম্প্রদায় সবুজ অঞ্চলে রূপান্তর - এই সমস্ত উদ্যোগ প্রসারিত হয়েছিল, যার ফলে স্থানীয় সম্প্রদায়ও উপকৃত হয়েছে । এটি আমাদের সম্পদের ন্যায়সঙ্গত ব্যবহার এবং সম্প্রদায়ের কল্যাণের প্রতিশ্রুতি প্রদর্শন করে। আমাদের সমস্ত খনির ইউনিট পরিবেশগত মানের সাথে সামঞ্জস্য রেখে পরিচালিত হয়েছিল, পরিবেশগত প্রভাব হ্রাস করতে অবদান রেখেছিল।

শিক্ষা, স্বাস্থ্য, স্যানিটেশন, পরিকাঠামো এবং জীবিকার ক্ষেত্রে কর্পোরেট সামাজিকদায়বদ্ধতার আওতায় পরিচালিত কাজগুলি অনেক জেলায় সরাসরি প্রভাব ফেলেছিল । স্কুলের শিশু, মহিলা, প্রতিবন্ধী ব্যক্তি এবং স্থানীয় উদ্যোক্তারা এতে উপকৃত হন। প্রান্তিক জনগোষ্ঠীর ক্ষমতায়নে বিশেষ গুরুত্ব দেওয়া হয়।

খেলাধূলা ও যুব ক্ষমতায়নের ক্ষেত্রেও আমরা এগিয়ে গেছি। কোলফিল্ডসের তরুণ খেলোয়াড়রা জেলা, রাজ্য এবং রাষ্ট্রীয় স্তরের প্রতিযোগিতায় অংশ নিয়ে তাদের গর্বিত

করেছে। তাদের সাফল্যের দিকে অনুপ্রাণিত করার জন্য প্রশিক্ষণ, সরঞ্জাম এবং প্ল্যাটফর্ম সরবরাহ করা হয়েছে।

ডিজিটাল রূপান্তরের দিক থেকে, ইন্টিগ্রেটেড মাইন ম্যানেজমেন্ট সিস্টেম বাস্তবায়ন, কয়লা এবং ওভারবার্ডেনের জিপিএস-সক্ষম রিয়েল-টাইম ট্র্যাকিং এবং স্বয়ংক্রিয় ওজন সেতুগুলির মতো পদক্ষেপগুলি সফলভাবে অনুসরণ করা হয়েছে। এছাড়াও, ই-অফিস, ই-টেন্ডারিং এবং ইন্টিগ্রেটেড এন্টারপ্রাইজ প্ল্যাটফর্মের সফল বাস্তবায়নও করা হয়েছে।

বিভিন্ন ক্ষেত্রে আইটি পরিকাঠামো শক্তিশালী করা হয়েছে যার ফলে কানেক্টিভিটি, সাইবার নিরাপত্তা এবং কাজের গতি বৃদ্ধি পেয়েছে। ডিজিটাল ড্যাশবোর্ড, রিয়েল-টাইম মনিটরিং এবং স্মার্ট মনিটরিং সিস্টেমের মাধ্যমে কাজকর্মে স্বচ্ছতা বৃদ্ধি পেয়েছে।

ড্রোন, জিআইএস ম্যাপিং (GIS Mapping) এবং উন্নত জিওফিজিকাল সার্ভেগুলির (Advanced Geophysical Surveys) ব্যবহার আমাদের খনির পরিকল্পনা, খনি সুরক্ষা নিরীক্ষা (Safety Audit) এবং পরিবেশগত সম্মতিকে উল্লেখযোগ্যভাবে উন্নত করেছে।

জনসাধারণের স্বচ্ছতা বাড়াতে অভিযোগ নিষ্পত্তি, ডিজিটাল বেতন প্রদান এবং অনলাইন নিয়োগ সম্পর্কিত মোবাইল অ্যাপ চালু করা হয়েছে।

১লা জুন ২০২৪-এ, ইসিএল কোল ইন্ডিয়া লিমিটেডের প্রথম সহায়ক সংস্থা হয়ে ওঠে যা সম্পূর্ণ ডিজিটাল বোর্ড প্রবন্ধন সমাধান (Digital Board Management Solution) বাস্তবায়নের মাধ্যমে কর্পোরেট গভর্ন্যান্সকে কাগজবিহীন করার দিকে একটি গুরুত্বপূর্ণ পদক্ষেপ নিয়েছে।

নিরাপত্তা শক্তিশালীকরণ, অত্যাধুনিক নজরদারি ব্যবস্থা, স্থানীয় সংস্থাগুলোর সাথে সহযোগিতা এবং সক্রিয় ঝুঁকি ব্যবস্থাপনা গ্রহণ করা হয়, যা সম্পদ, জনবল এবং স্থাপনার নিরাপত্তা নিশ্চিত করা হয়েছিল।

উৎপাদনশীলতার উন্নতি, প্রক্রিয়াগুলির মানককরণ এবং উন্নত সুরক্ষা ব্যবস্থা কর্মক্ষেত্রে দুর্ঘটনার স্পষ্টভাবে হ্রাস আনতে গুরুত্বপূর্ণ ভূমিকা পালন করেছে। খনি নিরাপত্তা নিরীক্ষা, খনি ক্ষেত্রে প্রযুক্তিগত অগ্রগতির সাথে সামঞ্জস্য রেখে কর্মীদের দক্ষতা উন্নয়ন, সিমুলেশন ড্রিল এবং উচ্চমানের খনি প্রতিরক্ষামূলক সরঞ্জাম আমাদের শূন্য ক্ষতি সংস্কৃতিকে (Zero Harm Culture) শক্তিশালী করেছে।

সাংগঠনিক কাঠামোর প্রতিটি স্তরে উদ্ভাবন এবং অসামান্য কর্মক্ষমতাকে পুরস্কৃত করার কর্মসূচিগুলি কাজের পরিবেশকে আরও উৎপাদনশীল এবং অনুপ্রেরণামূলক করে তুলেছে।

নীতিগত শাসনব্যবস্থা এবং প্রাতিষ্ঠানিক অখণ্ডতা আমাদের কাজের মূল ভিত্তি হিসাবে রয়েগেছে। প্রতিটি স্তরে স্বচ্ছতা, ন্যায্যতা ও নিয়ম মেনে চলা নিশ্চিত করা হয়েছে। আভ্যন্তরীণ তদন্ত, ব্যবস্থার সংস্কার এবং সময়োচিত সংশোধনমূলক পদক্ষেপ আমাদের প্রাতিষ্ঠানিক আত্মবিশ্বাসকে বাড়িয়ে তুলেছে।

আমরা সকল স্টেকহোল্ডারদের সাথে ইতিবাচক সম্পর্ক বজায় রাখতে নিয়মিত সংলাপ, স্বচ্ছ তথ্য ভাগ করে নেওয়া এবং প্রতিক্রিয়ার প্রতি সচেতন প্রতিক্রিয়াকে অগ্রাধিকার দিয়েছি। জনসংযোগ, গণশুনানি, সম্প্রদায়ের ব্যস্ততা,অনুষ্ঠান এবং পরামর্শ ভাগ করে নেওয়া দায়িত্ব এবং বিশ্বাসকে শক্তিশালী করে।

এ বছরের সাফল্য কেবল সংখ্যা নয়, বরং আমাদের সমবেত প্রচেষ্টা, দূরদর্শিতা এবং রাষ্ট্রের শক্তি যাত্রায় বিশ্বাসের সাক্ষ্য দেয়। এটি আমাদের স্মরণ করিয়ে দেয় যে আমাদের দায়িত্ব কেবল উৎপাদনের মধ্যেই সীমাবদ্ধ নয় বরং অন্তর্ভুক্তিমূলক এবং দীর্ঘস্থায়ী ফলাফলের প্রতিও।

সামনের দিকে তাকিয়ে ইসিএল একটি গুরুত্বপূর্ণ পরিবর্তনের বিন্দুতে দাঁড়িয়ে আছে। কয়লা মাঝারি মেয়াদে ভারতের শক্তি অবকাঠামোর মূল স্তম্ভ হিসাবে থাকবে, তবে পরিবেশের চাহিদা মেটাতে, ডিজিটাল বিপ্লব এবং পরিবর্তিত বাজার কাঠামোর সাথে তাল মিলিয়ে দ্রুত রূপান্তরিত হচ্ছে। আগামী বছরগুলোতে নতুন ধরনের চ্যালেঞ্জ ও সুযোগ তৈরি হবে।

পরিবর্তিত জ্বালানি ভূদৃশ্য, পরিবর্তিত নিয়ন্ত্রক কাঠামো এবং ক্রমবর্ধমান পরিবেশগত প্রত্যাশা, নমনীয়তা এবং উদ্ভাবনের দাবি করে।

আমরা পরিচ্ছন্ন প্রযুক্তি, দক্ষতা বৃদ্ধি, স্বয়ংক্রিয়তা এবং ডিজিটাল প্রশাসন গ্রহনের মাধ্যমের জন্য নিজেদের প্রস্তুত করছি। খনির ভবিষ্যত আরও নিশ্চিত, নিরাপদ এবং স্থায়ী হবে এবং ইসিএল এই রূপান্তরের নেতৃত্ব দেবে।

আমি আমাদের সকল কর্মী, স্টেকহোল্ডার, কমিউনিটির সদস্য এবং শুভানুধ্যায়ীদের আন্তরিকভাবে ধন্যবাদ জানাই যাদের অকুণ্ঠ সমর্থন এবং উৎসর্গ এই যাত্রাকে সম্ভব করেছে। এই দিনটি আমাদের চ্যালেঞ্জের মুখোমুখি হতে, বড় স্বপ্ন দেখাতে আত্মবিশ্বাসী করে তোলে। আমরা আমাদের দক্ষতা, সততা, কর্মনিষ্ঠা আমাদের মহান রাষ্ট্রের জন্য উৎসর্গ করছি।

জয় হিন্দ! জয় ভারত!

শুভকামনা সহ

১৫.০৮.২০২৫

(সতীশ ঝা)
অধ্যক্ষ-তথা- পরিচালক অধিকর্তা

ইস্টার্ন কোলফিল্ডস্ লিমিটেডের জনসংযোগ বিভাগ দ্বারা প্রকাশিত

मेरे प्रिय सहयोगियों और हितधारकों,

हम भारत के नागरिक आज अपने राष्ट्र के 79वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मना रहे हैं, इस अवसर पर मैं, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से जुड़े सभी व्यक्तियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। यह दिन हमारे लिए अत्यंत गर्व और स्मरण का अवसर है। एक ऐसा दिन जब हम स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को नमन करते हैं और साथ ही, उत्तरदायित्व, एकता और राष्ट्रनिर्माण के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में सदैव अग्रणी रहने वाली कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) को राष्ट्र के ऊर्जा क्षेत्र का एक गौरवशाली अंग होने पर गर्व है। विशेष रूप से पूर्वी भारत में हमारी गतिविधियाँ, जो पश्चिम बंगाल और झारखंड में फैली हुई हैं, भारतीय कोयला भंडार के केंद्र में स्थित हैं। हम न केवल उद्योगों और घरों को ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को सक्षम बनाते हुए लाखों परिवारों के लिए आजीविका के अवसर भी सृजित करते हैं।

हमारी यात्रा, बाजार में सुधार, नियामकीय बदलाव, वैश्विक अस्थिरता, तीव्र तकनीकी परिवर्तन, और सबसे बढ़कर आर्थिक विकास, सामाजिक समानता तथा पर्यावरणीय संरक्षण के बीच संतुलन बनाने की बदलती प्राथमिकताएँ जैसी अनेक चुनौतियों से भरी रही है। इन सबके बावजूद, हमारी सतत सफलता का आधार हमारे आधारभूत मूल्यों यथा संचालन में उत्कृष्टता, नवाचार, खान सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता और सुशासन में पारदर्शिता एवं ईमानदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता रही है ।

इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हम उन पीढ़ियों के खनिकों, अभियंताओं, कर्मचारियों और नेताओं को नमन करते हैं जिन्होंने सतह पर, कोयले के समक्ष, बोर्डरूम में, और हमारे संचालन से जुड़े समुदायों के बीच इस कंपनी को बनाया। यह दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि हम एक ऐसे वर्ष को स्मरण कर रहे हैं जो उपलब्धियों, अदम्य संकल्प और सामूहिक उत्कृष्टता की भावना से भरपूर रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 में ईसीएल ने अपने इतिहास का सर्वाधिक कोयला उत्पादन दर्ज करते हुए 52.035 मिलियन टन का मील का पत्थर पार किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.41% की उल्लेखनीय वृद्धि है। यह उपलब्धि न केवल एक आँकड़ा है, बल्कि यह हमारी योजनाओं की सटीकता, सतत कार्य–निष्पादन और सभी इकाइयों की अथक मेहनत का प्रमाण है। ईसीएल ने कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अनुषंगी कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए हमारी ऊर्जा सुरक्षा के मार्ग में एक नया मानक स्थापित किया है।

कंपनी के इतिहास में अब तक की सर्वाधिक ओवरबर्डन (OB) हटाने की उपलब्धि, 187.167 मिलियन घन मीटर, दर्ज की गई है, जिससे भविष्य की खनन गतिविधियों की नींव सुदृढ़ तथा सक्षमता उपयोग में वृद्धि हुई है और खानों की उत्तरजीविता से संबंधित सूचकांक बेहतर हुए हैं।

हमारा कोयला प्रेषण (ऑफ–टेक) भी नई ऊँचाइयों पर पहुँचा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 13.76% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, और यह भी कोल इंडिया लिमिटेड की सभी अन्य अनुषंगी कंपनियों से आगे रहा। यह उपलब्धि बेहतर निकासी व्यवस्था, रेलवे एवं अंतिम उपभोक्ताओं के साथ बेहतर समन्वय का परिचायक है।

भूमि अधिग्रहण से संबंधित कई पुराने मुद्दों को इस वर्ष सुलझा लिया गया, जिससे खनन और आधारभूत संरचना विस्तार के लिए महत्वपूर्ण भूमि क्षेत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई। इससे नए खनन क्षेत्रों का विकास संभव हुआ और हमारी रणनीतिक स्थानों पर कार्यक्षमता बढ़ी। खदानों की नियोजित योजना और समयबद्ध परियोजना अनुमोदन ने दीर्घकालिक विस्तार की नींव मजबूत की।

आवासीय और भौतिक विकास के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। नए क्वार्टर और सड़कों का निर्माण, जर्जर संरचनाओं की मरम्मत और प्रमुख परियोजनाओं का समय से पहले पूरा होना हमारे कर्मचारियों और उनके परिवारों के जीवन स्तर में बड़ा परिवर्तन लाया है। संचालन क्षेत्रों में आवश्यक यंत्रों, विद्युत प्रणालियों और यांत्रिक ढांचे का उन्नयन समय पर किया गया, जिससे उत्पादन निर्बाध रहा।

खरीद प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, विक्रेताओं से प्रभावी संवाद और त्वरित निविदा निष्पादन ने वस्तुओं की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की और उत्पादन में अवरोध से बचाया। यह पूरी प्रक्रिया संचालन आवश्यकताओं के अनुसार समन्वित रूप से चली।

वित्तीय क्षेत्र में, हमने लगातार तीसरे वर्ष लाभप्रदता बनाए रखी है, जिसका आधार रहा है – उत्पादकता में वृद्धि, विवेकपूर्ण लागत प्रबंधन, डिजिटलीकरण और संचालन में सुधार। वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान कंपनी का सकल बिक्री कारोबार ₹20,183.54 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष के ₹18,999.97 करोड़ की तुलना में 6.23% की वृद्धि दर्शाता है।

इस अवधि में कंपनी ने ₹301.22 करोड़ का कर पूर्व लाभ (PBT) अर्जित किया, जो पिछले वर्ष के ₹213.49 करोड़ की तुलना में अधिक है। 31 मार्च 2025 को कंपनी की निवल संपत्ति ₹3,100.47 करोड़ थी।

वित्तीय अनुशासन और समयबद्ध अनुपालनों पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया। बजटीय आवंटनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया, राजस्व प्राप्ति सुदृढ़ रही और वित्तीय स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के लिए प्रणालीगत नियंत्रण लागू किए गए। देयताओं और भुगतानों का समय पर निपटान किया गया, जिससे हमारी मूल्य शृंखला में पारदर्शिता और विश्वास को और बल मिला।

कल्याण और मानव विकास हमारी कार्यप्रणाली के केंद्र में बने रहे। कर्मचारियों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए निष्पक्ष पदोन्नति, प्रशिक्षण के अवसर, कल्याणकारी पहलों और डिजिटल मानव संसाधन हस्तक्षेपों पर विशेष ध्यान दिया गया। सुरक्षा, उत्पादकता और नेतृत्व पर नए सिरे से बल देते हुए कई प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू किए गए।

इन पहलों का उद्देश्य एक अधिक कुशल, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए सक्षम कार्यबल का निर्माण करना रहा।

कल्याण और मानव विकास हमारी प्राथमिकताओं में बना रहा। पारदर्शी पदोन्नति, प्रशिक्षण अवसर, कल्याणकारी पहल और डिजिटल मानव संसाधन हस्तक्षेपों के माध्यम से कर्मचारियों की संतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया गया। खान सुरक्षा, उत्पादकता और नेतृत्व पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने हमारे कार्यबल को अधिक दक्ष, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार बनाया।

हमने अपने कमांड क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी ठोस कदम उठाए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, अत्याधुनिक जांच सुविधाएं, अस्पतालों में नई मशीनरी, ऑटोमेटेड लैब्स और उन्नत एम्बुलेंस सेवाओं ने हजारों लाभार्थियों की मदद की। निवारणात्मक स्वास्थ्य देखभाल पर भी बल दिया गया।

पर्यावरण प्रबंधन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहा, जिसके अंतर्गत व्यापक स्तर पर धूल नियंत्रण प्रणाली एवं सतत पर्यावरणीय निगरानी उपायों को प्रभावी रूप से लागू किया गया। वित्तीय वर्ष 2024–25 में 78.03 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण करते हुए लगभग 1.27 लाख पौधों का रोपण सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

प्रमुख खदानों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (Zero Liquid Discharge) नीति को अपनाना, आधुनिक वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, जल पुनर्चक्रण की प्रणालियाँ, सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना, ऊर्जा दक्षता से जुड़े पायलट प्रोजेक्ट्स, परित्यक्त खदान स्थलों को ईको–पार्क, जलाशयों एवं सामुदायिक हरित क्षेत्रों में परिवर्तित करना – इन सभी पहलों का विस्तार किया गया, जिससे स्थानीय समुदायों को भी लाभ प्राप्त हुआ। यह हमारे संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी सभी खनन इकाइयाँ पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप संचालित की गईं, जिससे पारिस्थितिक प्रभाव को न्यूनतम करने में योगदान मिला।

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बुनियादी ढांचा और आजीविका के क्षेत्र में किए गए कार्यों ने कई जिलों में प्रत्यक्ष प्रभाव डाला। स्कूली बच्चों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और स्थानीय उद्यमियों को इसका लाभ मिला। हाशिए पर स्थित समुदायों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

खेल और युवा सशक्तिकरण की दिशा में भी हम आगे बढ़े। कोलफील्ड्स के युवा खिलाड़ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर गर्व

बढ़ाया। प्रशिक्षण, उपकरण और मंच प्रदान कर उन्हें सफलता की दिशा में प्रेरित किया गया।

डिजिटल परिवर्तन की दिशा में, एकीकृत खान प्रबंधन प्रणाली (Integrated Mine Management Systems) का कार्यान्वयन, कोयला एवं ओवरबर्डन की जीपीएस–सक्षम रीयल–टाइम ट्रैकिंग, और स्वचालित वेब्रिज जैसे उपायों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है। साथ ही, ई–ऑफिस, ई–टेंडरिंग तथा एकीकृत एंटरप्राइज प्लेटफॉर्म्स का सफल क्रियान्वयन भी किया गया है।

विभिन्न क्षेत्रों में आईटी अवसंरचना को सुदृढ़ किया गया है जिससे कनेक्टिविटी, साइबर सुरक्षा और कार्य की गति में सुधार हुआ है। डिजिटल डैशबोर्ड, रीयल–टाइम मॉनिटरिंग और स्मार्ट निगरानी प्रणालियों के माध्यम से संचालन में पारदर्शिता बढ़ी है।

ड्रोन, जीआईएस मैपिंग (GIS Mapping) और उन्नत भू–भौतिकीय सर्वेक्षण (Advanced Geophysical Surveys) के उपयोग से हमारे खनन नियोजन, खान सुरक्षा लेखापरीक्षण (Safety Audit) तथा पर्यावरणीय अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

जन पारदर्शिता को बढ़ावा देने हेतु शिकायत निवारण, डिजिटल वेतन भुगतान और ऑनलाइन भर्ती से संबंधित मोबाइल ऐप्स की शुरुआत की गई है।

1 जून 2024 को, ईसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की पहली अनुषंगी कंपनी बनी जिसने पूर्ण रूप से डिजिटल बोर्ड प्रबंधन समाधान (Digital Board Management Solution) को लागू कर कॉर्पोरेट गवर्नेंस को कागजरहित (पेपरलेस) बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली, स्थानीय एजेंसियों से सहयोग और सक्रिय जोखिम प्रबंधन को अपनाया गया, जिससे संपत्तियों, जनशक्ति और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

उत्पादकता में सुधार, प्रक्रियाओं का मानकीकरण तथा उन्नत सुरक्षा उपायों ने कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं में स्पष्ट कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खान सुरक्षा लेखापरीक्षण (Safety Audit), खनन क्षेत्र में तकनीकी प्रगति के अनुरूप कर्मचारियों के कौशल विकास, सिमुलेशन ड्रिल्स और उच्च गुणवत्ता वाले खान सुरक्षात्मक उपकरणों की उपलब्धता ने हमारी शून्य क्षति संस्कृति (Zero Harm Culture) को सशक्त किया है।

संगठनात्मक संरचना के प्रत्येक स्तर पर नवाचार और उत्कृष्ट प्रदर्शन को पुरस्कृत करने के लिए संचालित कार्यक्रमों ने कार्य वातावरण को और अधिक उत्पादक एवं प्रेरक बनाया है।

नैतिक प्रशासन और संस्थागत अखंडता हमारे कार्यों की आधारशिला रही। पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियमों का पालन हर स्तर पर सुनिश्चित किया गया।

आंतरिक जांच, सिस्टम में सुधार और समय पर सुधारात्मक कदमों ने हमारी संस्थागत विश्वास को बढ़ावा दिया।

हमने सभी हितधारकों के साथ सकारात्मक संबंध बनाए रखने हेतु नियमित संवाद, पारदर्शी सूचना साझाकरण और फीडबैक पर सजग प्रतिक्रिया को प्राथमिकता दी। जनसंपर्क, जनसुनवाई, सामुदायिक कार्यक्रमों और परामर्श से साझी जिम्मेदारी और विश्वास को मजबूती मिली।

इस वर्ष की उपलब्धियां केवल आंकड़े नहीं हैं बल्कि यह हमारे सामूहिक प्रयास, दूरदर्शिता और राष्ट्र की ऊर्जा यात्रा में विश्वास का प्रमाण हैं। यह हमें याद दिलाती हैं कि हमारी जिम्मेदारी केवल उत्पादन तक सीमित नहीं बल्कि समावेशी और टिकाऊ परिणामों तक भी है।

आने वाले समय की ओर दृष्टि डालें तो ईसीएल एक महत्वपूर्ण परिवर्तन बिंदु पर खड़ा है। मध्यम अवधि में कोयला भारत की ऊर्जा संरचना का एक प्रमुख आधार बना रहेगा, किंतु यह क्षेत्र जलवायु संबंधी आवश्यकताओं, डिजिटल क्रांति और बदलते बाजार ढांचों के अनुरूप तेजी से रूपांतरित हो रहा है। आने वाले वर्षों में नए प्रकार की चुनौतियाँ और अवसर सामने आएँगे।

बदलते ऊर्जा परिदृश्य, परिवर्तित होते नियामक ढांचे और बढ़ती पर्यावरणीय अपेक्षाएँ हमसे लचीलापन तथा नवाचार की माँग करती हैं।

हम, स्वच्छ तकनीकों में निवेश करके, क्षमता निर्माण के माध्यम से, स्वचालन और डिजिटल शासन को अपनाकर स्वयं को इसके लिए तैयार कर रहे हैं। खनन का भविष्य और अधिक दक्ष, सुरक्षित और टिकाऊ होगा, और इस परिवर्तन की अगुवाई ईसीएल करेगा।

मैं हमारे सभी कर्मचारियों, श्रमिकों, हितधारकों, समुदाय के सदस्यों और शुभचिंतकों का हृदय से धन्यवाद देता हूं, जिनके अटूट समर्थन और समर्पण से यह यात्रा संभव हुई है। ईसीएल, हमारे समुदायों और हमारे महान राष्ट्र के लिए यह दिन हमें प्रेरित करे कि हम चुनौतियों से ऊपर उठें, बड़े सपने देखें और पूरी निष्ठा से उन्हें साकार करें।

जय हिन्द! जय भारत!

कर्तव्यपरायण,

15.08.2025

(सतीश झा)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित